# अमेजन यूपी में कारीगारों को देगी ऑनलाइन प्लेटफॉर्म

लखनऊ। ऑनलाइन शॉपिंग कंपनी अमेजन उत्तर प्रदेश के कारीगरों को बिक्री के लिए प्लेटफॉर्म देगी। इसके लिए अमेजन यूपी खादी और यूपी ओडीओपी कैटेगरी जोड़ रहा है। कंपनी का कहना है कि प्रदेश सरकार की नीति एक जिला, एक उत्पाद (ओडीओपी) से हम जुड़े हैं। अभी तक 75 में से नौ जिले हम खुद से जोड़ चुके हैं। यह जानकारी शुक्रवार को इंदिरागांधी प्रतिष्ठान में कंपनी की फेस्टिव सीजन यात्रा के प्रदर्शन के बीच निदेशक (विक्रेता अनुभव) प्रणव भसीन ने दी। अमेजन के बुलावे पर यूपी खादी एवं ग्रामोद्योग विभाग के प्रमुख सचिव नवनीत सहगल भी फेस्टिव सीजन यात्रा देखने पहुंचे।

उन्होंने बताया कि लखनऊ की चिकनकारी, वाराणसी की साड़ियां, आगरा का मार्बल वर्क आदि जुड़ चुके हैं। महिलाओं और इनोवेशन करने वालों के लिए विशेष कार्यक्रम सहेली और लॉन्चपैड पहले से ही चल रहे हैं। ग्राहकों के लिए ओपन बॉक्स डिलीवरी खोला गया है। वहीं, निदेशक (कैटेगरी मैनेजमेंट) सौरभ श्रीवास्तव का कहना है

यूपी खादी एवं ग्रामोद्योग विभाग के प्रमुख सचिव नवनीत सहगल भी अमेजन फेस्टिव सीजन यात्रा में पहुंचे।

कि हमारे प्लेटफॉर्म पर भारत में पांच लाख विक्रेता हैं। इनमें से 10 प्रतिशत यूपी से हैं। उन्होंने ई-कॉमर्स में किसी भी मंदी से मना किया। फेस्टिव सीजन यात्रा 16 सितंबर को दिल्ली से चली। इसमें तीन ट्रकों में प्रदर्शनी दिखाई जा रही है। मथुरा, आगरा के बाद लखनऊ पहुंची यात्रा 28 सितंबर को बंगलूरू पहुंचेगी। 28 और 29 सितंबर की मध्य रात्रि से ही ग्रेट इंडियन शॉपिंग फेस्टिवल शुरू होगा। इस मौके पर अमेजन से नदीम कारभारी व गरिमा गुप्ता मौजूद रही। ब्यूरो